

श्री नरेश चन्द्र लाल

Shri Naresh Chander Lal



पद्म श्री

Padma Shri



राष्ट्रपति से अलंकरण प्राप्त करते हुए

Receiving the decoration from the President

श्री नरेश चन्द्र लाल

श्री नरेश चन्द्र लाल अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के प्रख्यात थियेटर निर्देशक एवं फिल्म निर्माता हैं।

2. आपका जन्म 11 मार्च, 1955 को हुआ। आप स्थानीय समुदाय के सदस्य हैं। आप द्वीपसमूह में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली (निर्देशन) से एकमात्र स्नातक हैं। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से स्नातक करने के बाद, आपने थियेटर वेब सृजित किया और "नाटक आपके घर तक" के थीम से थियेटर के प्रति रूचि पैदा करने के लिए द्वीपसमूह के कोने–कोने तक नाटक को ले गए।

3. आपने सामाजिक विषयों यथा अल्कोहल सेवन की बुराई, पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम, एड्स, वनमहोत्सव, परिवार नियोजन, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता आदि को लोकप्रिय बनाने के लिए इन द्वीपों में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जन समूह को शिक्षित करने के लिए वर्ष 1988 में पहला नुक्कड़ नाटक शुरू किया। आपने द्वीपसमूह में अब तक चार फिल्में बनाई हैं जिनमें द्वीपसमूह की व्यापक संस्कृति को चित्रित किया गया। आपकी फिल्म गांधी द महात्मा (फीचर), अमृति जल (लघु), रनिंग ऑन द सी (वृत्तचित्र) तथा क्वीन ऑफ इंडिजेनस आइलैंड (फीचर) को कई बार दूरदर्शन राष्ट्रीय चैनल/दूरदर्शन उर्दू चैनल द्वारा तथा भारत में विभिन्न राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों में दिखाया गया है। इस प्रकार अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह को अंतरराष्ट्रीय दर्शकगण/श्रोतागण तक ले जाया गया जिनको इस संघ राज्य क्षेत्र की अनोखी एवं व्यापक संस्कृति को देखने का अवसर मिला।

4. आपने भारत एवं विदेश की गई थियेटर हस्तियों जैसे कि श्री रतन तियाम, स्वर्गीय श्री बी.वी. करंत, सत्यदेव दूबे, प्रसन्ना, पंडित नरेंद्र शर्मा, बेरीजॉन, राम गोपाल बजाज, फ्रिट्ज बेनविट्ज (जर्मनी), जॉन किरोमो मोत्साई (जापान) तथा केनेथ रिया (लंदन) के साथ कार्य किया है। आपने भारत के प्रतिष्ठित फिल्म निर्माताओं जैसे कि उमेश मेहरा, मणिरत्नम, प्रियदर्शन, राकेश ओम प्रकाश मेहरा, बॉनी कपूर, सतीश कौशिक एवं अशोक गायकवाड़ के साथ भी कार्य किया है।

5. आपको द्वीपसमूह में 40 वर्षों से अधिक समय तक आपकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए कई पुरस्कार दिए गए हैं जैसे कि माननीय उप–राज्यपाल प्रशस्ति प्रमाण पत्र (1999 एवं 2008 में), गांधी ग्लोबल फेमिली, नई दिल्ली द्वारा आपकी फिल्म 'गांधी द महात्मा' के लिए महात्मा गांधी सेवा मेडल, वर्ष 2013 में सेसी स्विटजरलैंड/भारत द्वारा माजा कोइने सामाजिक कार्यकर्ता पुरस्कार, इंडिया इंटरनेशनल फ्रैंडशिप सोसायटी, नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2013 में भारत ज्योति पुरस्कार, हिमालय और हिंदुस्तान फेस्टिवल देहरादून द्वारा हिमालय और हिंदुस्तान गौरव सम्मान, जम्मू एवं कश्मीर में वर्ष 2013 में नटराज द्वारा अभिवादन तथा द्वीपसमूह में कई सामाजिक–साहित्यिक संगठनों अर्थात् हिंदी साहित्य कला परिषद पोर्ट ब्लेयर, सुरपंजलि, कशीस, आदित्य नाट्य अकादमी, अमरावती कला सरवंती, अंडमान दिवस समारोह समिति, अंडमान प्यूपल थियेटर एसोसिएशन (ए पी टी ए), पोर्ट ब्लेयर द्वारा सम्मान।

Shri Naresh Chander Lal

Shri Naresh Chander Lal is a renowned Theatre Director and Film Maker of Andaman and Nicobar Islands.

2. Born on March 11, 1955, Shri Lal, a member of Local Born Community, is the lone National School of Drama, New Delhi (Direction) graduate of the Islands .After graduating from National School of Drama, he created a Theatre Wave and took Drama to the remotest corner of the Islands to create taste of Theatre with the theme "Natak Apke Ghar Tak".

3. Shri Lal introduced first Nukkad Natak in 1988 to educate the masses of the people through street plays in these Islands to popularize the social themes like - evil of Alcoholism, Pulse Polio immunization programme, AIDS, Vanmahotsava, Family Planning, Women's empowerment, Sanitation etc. He has made four films so far in the Islands all depicting Islands Cosmo Culture. His films Gandhi The Mahatma (Feature), Amrti Jal (Short), Running on the Sea (Documentary) and the Queen of Indigenous Island (Feature) have screened many times by DD National Channel / DD Urdu Channel and at various National / International Film Festivals in India thus taking Andaman & Nicobar Islands to the International audience, who got a chance to witness the unique Cosmo Culture of this Union Territory.

4. Shri Lal has worked with many Theatre personalities of India and abroad like Shri Ratan Thiyam, Late Shri B.V. Karanth, Satyadev Dubey, Prasanna, Pt. Narendra Sharma, Barry John, Ram Gopal Bajaj, Fritz Benewitz (Germany), John Kiromo Motsoi (Japan) and Kenneth Riya (London). He has also worked with reputed film makers of India like –Umesh Mehra, Maniratnam, Priyadarshan, Rakesh Om Prakash Mehra, Boney Kapoor, Satish Kaushik and Ashok Gaikawad.

5. Shri Lal has been conferred with many awards for his meritorious services more than 40 years in the Islands like Hon'ble Lt. Governor's Commendation Certificate (in 1999 and in 2008), Mahatma Gandhi Seva Medal by Gandhi Global Family, New Delhi for his film Gandhi The Mahatma, Maja Koene Social Activist award by Cesi Switzerland / India in 2013, Bharat Jyothi Award in 2013 by India International Friendship Society, New Delhi,Himalaya Aur Hindustan Gaurav Samman by Himalaya Aur Hindustan Festival Dehradun,felicitated by Natrang in 2013 at Jammu & Kashmir and by many socio-cultural organizations in the Islands like – Hindi Sahitya Kala Parishad Port Blair, Surupanjali, Kashis, Aditya Natya Akademi, Amravati Kala Sarvanthi, Andaman Divas Samaroh Samity, Andaman People Theatre Association (APTA), Port Blair.